दिन– सोमवार दिनांक– 08 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज गया में महागठबंधन प्रत्याशी कुमार सर्वजीत के समर्थन में करेंगे जनसभा को संबोधित।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा में होंगे शामिल।

03. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कटिहार, किशनगंज, पूर्णिया, भागलपुर और बांका संसदीय सीटों के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन।

04. और, मौसम विभाग ने आज बक्सर, औरंगाबाद, पटना, बेगूसराय और शेखपुरा समेत दक्षिण बिहार के चौदह जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

---

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर प्रचार और तेज हो गया है। प्रदेश में विभिन्न दलों की ओर से अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार किया जा रहा है। राजद नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी आज गया संसदीय क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वे महागठबंधन प्रत्याशी राजद के कुमार सर्वजीत के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल गया में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और एनडीए प्रत्याशी जीतन राम मांझी के पक्ष में प्रचार करेंगे। श्री कुमार ग्याहर अप्रैल को औरंगाबाद में भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में रोड शो और सभा करेंगे। प्रदेश में पहले चरण में औरंगाबाद, गया, जमुई और नवादा संसदीय क्षेत्र में उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है।

---

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विपक्षी गठबंधन के नेता उनकी गारंटी से डरते हैं। नवादा के कुंती नगर मैदान में भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष भ्रष्टाचार को बढावा देना और विकास को बाधित करना चाहता है। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने जनता से अब तक किए गए सभी वायदे पूरे किए हैं।

———पीएम———

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और अन्य़ विपक्षी दल देश को तोड़ना चाहते हैं क्योंकि वे नहीं चाहते कि संविधान पूरे देश में एकरूपता से लागू हो। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गरीब कल्याण योजना से पिछले दस वर्षों में पच्चीस करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से बिहार में चहुमुखी विकास हो रहा है।

———बाईट———

————————————————————————————

राजद नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री की नवादा में आयोजित रैली पर कहा कि एनडीए के लोग मनोवैज्ञानिक रूप से डरे हुए हैं। श्री यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि केन्द्र की एनडीए सरकार अपने वादों को पूरा करने में नाकाम साबित हुई है।

———बाईट———

————————————————————————————

भाजपा नेता दीपक यादव राजद में शामिल हो गये हैं। पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान तेजस्वी प्रसाद यादव ने वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र से दीपक यादव को पार्टी प्रत्याशी बनाये जाने की भी घोषणा की।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत उम्मीदवारों के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन है। इस चरण की पांच सीटों कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर, बांका और किशनगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए पचपन प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाये गये हैं। वहीं, इकतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये हैं। नाम वापसी के बाद जो उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह जायेंगे, उन्हें निर्वाचन आयोग चुनाव चिह्न आवंटित करेगा। इन सीटों के लिए छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा। वहीं, तीसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना बारह अप्रैल को जारी होगी। इस चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया निर्वाचन क्षेत्र में सात मई को चुनाव होने हैं।

———————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने आगामी चुनावों में युवा और शहरी मतदाताओं की भागीदारी बढाने के लिए सोशल मीडिया पर कई पहलों और अभियानों की शुरुआत की है।

———बाईट———

आयोग मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने के लिए टर्निंग–18 और यू आर द वनश अभियानों के माध्यम से आकर्षक विषयों, लोकप्रिय आइकन और जेनज़ेड सामग्री का उपयोग कर रहा है। टर्निंग–18 अभियान का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव में युवा मतदाताओं को आकर्षित करना है। इसका उद्देश्य पिछले चुनावों में शहरी और युवा मतदाताओं की उदासीनता के मुद्दों का समाधान करना भी है। यू आर द वन अभियान का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में शामिल विभिन्न हितधारकों के अमूल्य योगदान को स्वीकृति देना है। पल्लवी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शक्ति प्रताप सिंह।

———————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के लिए भाकपा माले आज अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। पार्टी महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने बताया कि पटना में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में घोषणा पत्र जारी किया जाएगा।

———————————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे सारण लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

सारण–छपरा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव गतिविधिया तेज़ हो गई हैं। यहां पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा । नतीजा 4 जून को आयेगा। क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। सभी स्थानों से पोस्टर, बैनर और होर्डिंग हटा दिए गए हैं। जिले में आचार संहिता के अनुपालन के क्रम में मढ़ौरा प्रखंड में पदस्थापित शिक्षक राकेश प्रसाद के खिलाफ मढ़ौरा थाना में प्राथमिकता दर्ज की गई है। शिक्षक के खिलाफ राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने की शिकायत मिली थी। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार आदर्श आचार संहिता का पालन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि नए मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए भी विशेष प्रयास किये जा रहे हैं ।

---बाईट---

इधर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में भी उत्साह देखा जा रहा है। नए मतदाता मतदान की प्रक्रिया और मताधिकार के महत्तव को समझने में काफी रुची ले रहे हैं।

---बाईट---

छपरा लोकसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के राजीव प्रताप रूडी और राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के बीच ही माना जा रहा है। प्रत्याशियों के साथ ही विभिन्न दलों और गठबंधन के नेताओं प्रचार अभियान शुरु कर दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए छपरा सारण से पवन कुमार सिंह

---

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इस दौरान बक्सर, भोजपुर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, पटना, गया, बेगूसराय और शेखपुरा समेत आसपास के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। साथ ही हवा की गति तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया है कि इस दौरान राज्य के दक्षिणी और दक्षिणी मध्य भागों में तेज हवा के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

---बाईट---

विभाग के अनुसार दस अप्रैल से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से उत्तर बिहार में भी कुछ स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से चौबीस शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इस अवधि में चालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना के अधिकतम तापमान में आंशिक गिरावट के साथ यहां का तापमान सैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

बिहार एसटीएफ तथा बगहा और मुजफ्फरपुर पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर भारत–नेपाल सीमा के करीब एक स्थान से तीन लाख रूपये के इनामी अपराधी चुन्नू ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि अपराधी के घर से हथियार समेत कई अवैध सामान बरामद किये गये हैं। मामले में चुन्नू ठाकुर की पत्नी को भी गिरफ्तार किया गया है।

---

मधुबनी जिले में एसएसबी के जवानों ने भारत–नेपाल सीमा पर इक्कीस किलो गांजा जब्त किया है। मामले में अज्ञात तस्कर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

———————————————————————————

कटिहार जिले के मनिहारी प्रखंड स्थित दिलरपुर सीज गांव में अगलगी की घटना में चार दर्जन से अधिक घर जलकर नष्ट हो गये।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नवादा में आयोजित चुनावी सभा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने श्री मोदी के बयान का शीर्षक लगाया है– देश और बिहार को नए ऊचाईयों पर ले जायेंगे।

**दैनिक जागरण** ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को प्रमुखता देते हुए लिखा है– हिन्दू विवाह के लिए कन्यादान की रस्म अनिवार्य परंपरा नहीं है।

**दैनिक भास्क**र ने लिखा है– चुनावी साल में जनता की जेब में साढ़े बारह लाख करोड़ रूपये, ये बाजार को देंगे बूस्टर डोज।

**प्रभात खबर** ने आईआईएम बोधगया में उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान के हवाले से लिखा है– चुनौतियों को अवसर में बदलें युवा।

**राष्ट्रीय सहारा** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को तरजीह देते हुए लिखता है– लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा।

**आज** अखबार ने लिखा है– शिक्षा विभाग में कुलपतियों की बैठक आज।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार हुआ तेज। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज गया में महागठबंधन प्रत्याशी कुमार सर्वजीत के समर्थन में करेंगे जनसभा को संबोधित।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा में होंगे शामिल।

03. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कटिहार, किशनंगज, पूर्णिया, भागलपुर और बांका संसदीय सीटों के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन।

04. और, मौसम विभाग ने आज बक्सर, औरंगाबाद, पटना, बेगूसराय और शेखपुरा समेत दक्षिण बिहार के चौदह जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।